प्रेरणा
आजाद रहिए विचारों से लेकिन बंधे रहिए संस्कारों से।

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-6 • 02 AUGUST TO 08 AUGUST 2024 • VOLUME 02 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला : एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटा मंजूर



**नई दिल्ली.** देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से फैसला सुनाया है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) के अंदर उप-वर्गीकरण किया जा सकता है। यानी एससी/एसटी को मिल रहे आरक्षण कोटे के अंदर कोटा लागू किया जा सकता है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में वर्ष 2004 में दिए गए 5 जजों की पीठ के फैसले को खारिज कर दिया। उस फैसले में कहा गया था कि एससी/एसटी कैटागरी के तहत उप-वर्गीकरण नहीं किया जा सकता है क्योंकि वे एक ही समरूप वर्ग में आते हैं।

अनुसूचित जाति-जनजाति के उप-वर्गीकरण को हरी झंडी देते समय संविधान पीठ के 7 जजों में से चार ने इस वर्ग के तहत भी क्रीमीलेयर की वकालत की और कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बीच 'क्रीमी लेयर' को आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए। यानी इस कैटगरी में जो अमीर लोग हैं, उन्हें आरक्षण के लाभों से वंचित किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में जज जस्टिस बीआर गवई ने अपने फैसले में कहा कि राज्यों को एससी/एसटी कैटागरी वर्ग के बीच क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण लाभ के दायरे से बाहर निकालने के लिए एक नीति बनानी चाहिए। कैटगरी के बीच सच्ची समानता हासिल करने का यही एकमात्र तरीका है। पीठ के दूसरे जज जस्टिस विक्रम नाथ ने इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए कहा कि जैसे ओबीसी कैटागरी पर क्रीमी लेयर सिद्धांत लागू होता है, उसी तरह एससी/एसटी कैटागरी में भी लागू होना चाहिए।

वहीं, जस्टिस पंकज मिथल ने कहा कि आरक्षण का लाभ केवल एक पीढ़ी तक ही सीमित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर पहली पीढ़ी का कोई सदस्य आरक्षण के माध्यम से उच्च पद पर पहुंच गया है, तो दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का हकदार नहीं होना चाहिए। चौथे जज जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि वह जस्टिस गवई के इस विचार से सहमत हैं कि एससी/एसटी के लिए क्रीमी लेयर की पहचान का मुद्दा राज्य के लिए एक संवैधानिक अनिवार्यता बन जाना चाहिए।

बता दें कि मौजूदा समय में 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा केवल अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण पर लागू है। नियमानुसार जिन लोगों के परिवार की कुल वार्षिक आय 8 लाख के ऊपर है वो क्रीमीलेयर के दायरे में आते हैं और उन्हें ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिलता है। इससे कम आय वाले लोग 'नॉन क्रीमीलेयर' के दायरे में आते हैं और उन्हें इसका प्रमाण सौंपना होता है, तभी आरक्षण का लाभ मिलता है।

सात जजों की संविधान पीठ में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला त्रिवेदी, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा शामिल थे। छह जजों ने उप-वर्गीकरण को बरकरार रखा, जबकि जस्टिस बेला त्रिवेदी ने इसे फैसले से असहमति जताई और कहा कि राज्यों की सकारात्मक कार्यवाही संविधान के दायरे के भीतर होनी चाहिए।

### पेरिस ओलंपिक 2024 : स्वप्निल कुसाले ने शूटिंग में जीता ब्रॉन्ज मेडल




**नई दिल्ली.** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को शूटिंग में तीन मेडल मिल चुके हैं। दरअसल, स्वप्निल कुसाले ने अपने पहले ही ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। उन्होंने 50 मीटर थ्री पॉजिशन इवेंट में मेडल जीता है। कुसाले इस इवेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं। उन्होंने 451.4 का स्कोर हासिल किया। वह उस राउंड में दूसरे स्थान पर यूक्रेन के निशानेबाज से केवल 0.5 अंक दूर थे।

स्वप्निल कुसाले मनु भाकर और सरबजोत कि लिस्ट में शामिल हो चुके हैं। जिन्होंने भारत को कुल 3 मेडल दिलाए। इसके साथ ही स्वप्निल भारतीय ओलंपिक इतिहास के सातवें शूटर हैं।

## पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को ईडी ने किया गिरफ्तार

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



लुधियाना से वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को ईडी की टीम ने वीरवार को जालंधर कार्यालय में गिरफ्तार कर लिया। वीरवार सुबह भारत भूषण आशु को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया गया था। शाम तक लगातार पूछताछ होती रही। ईडी सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के बाद आशु के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु जब खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय के प्रभारी थे, तब उन पर करीब 2 हजार करोड़ रुपये के टेंडरों में घोटाले का आरोप लगा था। पंजाब की मंडियों में लेबर और ट्रांसपोर्टेशन के टेंडरों में बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आई थीं। इसके बाद तलाशी के दौरान ईडी को करीब डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति के दस्तावेज मिले थे। इस दौरान करीब 30 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए थे। उस समय पंजाब की मंडियों में लेबर और ट्रांसपोर्टेशन के टेंडर में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई थी। इस मामले में तफ्तीश के दौरान ये जानकारी भी सामने आई है कि ट्रांसपोर्टिंग और सप्लाई के नाम पर काफी फर्जी वाहनों के नाम और उसके नाम का दुरुपयोग किया गया था। इसकी जांच पंजाब पुलिस की विजिलेंस ब्यूरो की टीम भी कर रही थी। उसी मामले को आधार बनाते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने इस केस को टेकओवर कर लिया और मामले की तफ्तीश के दौरान कई आरोपियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन के दौरान काफी महत्वपूर्ण सबूतों को इकट्ठा किया गया था।

### यूपी शासन ने तत्काल प्रभाव से तीन अधिकारियों को पद से हटाया, इंस्पेक्टर गोमतीनगर सस्पेंड

**लखनऊ.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ के गोमतीनगर में बारिश के बाद हुई शर्मशार करने वाली घटना पर गहरी नाराजगी जताई। योगी के निर्देश पर शासन ने मामले में लापरवाही बरतने वाले डीसीपी पूर्वी, एडीसीपी पूर्वी और एसीपी गोमतीनगर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है, जबकि गोमतीनगर इंस्पेक्टर, समतामूलक चौकी इंचार्ज समेत चौकी के सभी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इतना ही नहीं योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट अराजकतत्वों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए अबतक चार आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है।

### धान के खेत सूख रहे और मान विज्ञापन के जरिए फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने में जुटे : प्रताप बाजवा

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर इस मौसम में खेती, घरेलू और औद्योगिक क्षेत्रों को निर्बाध बिजली आपूर्ति देने के झूठे दावे करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जहां तक बिजली आपूर्ति का सवाल है, इस बार धान का मौसम सबसे खराब रहने की संभावना है। कुछ इलाकों में धान के खेत सूख रहे हैं और दरारें आ रही हैं। घरेलू और औद्योगिक क्षेत्रों के साथ भी यही स्थिति है। हालांकि, आप सरकार फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने में व्यस्त है।



बाजवा ने कहा कि मान सरकार अंग्रेजी भाषा में पूरे पेज के विज्ञापन के माध्यम से फसल विविधीकरण का प्रचार कर रही है। हालांकि किसानों की युवा पीढ़ी शिक्षित है और अंग्रेजी भाषा समझ सकती है। अभी भी अधिकांश किसान केवल पंजाबी भाषा के जानकार हैं। इस प्रकार, अंग्रेजी भाषाओं में ऐसे विज्ञापनों की कोई आवश्यकता नहीं है।

### चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 25 साल से घटाकर 21 साल की जाए : राघव चड्ढा

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने मांग की है कि राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भारत में चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु मौजूदा 25 से घटाकर 21 साल की जाए। आज उच्च सदन में बोलते हुए राघव चड्ढा ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। हमारे देश की औसत आयु केवल 29 वर्ष है। देश की 65% आबादी 35 साल से कम उम्र की है। वहीं देश की 50% से अधिक जनसंख्या 25 वर्ष से कम आयु की है। लेकिन क्या हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि भी इतने युवा हैं?

उन्होंने कहा कि जब इस देश में पहली लोकसभा (1952 में) चुनी गई थी, तो उस लोकसभा में 26% लोग 40 साल से कम उम्र के थे और 17वीं लोकसभा (16 जून को भंग) में केवल 12% 40 वर्ष से कम उम्र के थे। इसलिए जैसे-जैसे देश युवा हो रहा है, हमारे चुने हुए प्रतिनिधि युवावस्था से दूर होते जा रहे हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि राजनीति को एक बुरा पेशा माना जाता है। जब कोई बच्चा बड़ा होता है तो उसके माता-पिता उसे डॉक्टर, इंजीनियर, खिलाड़ी, वैज्ञानिक, चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के लिए कहते हैं। 'कोई नहीं कहता कि बड़े होकर नेता बनो और राजनीति में जाओ। इसलिए मुझे लगता है कि आज हमें युवाओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत है ताकि वे भारत की मुख्यधारा की राजनीति में आ सकें।

## एसीपी लुधियाना व उसके रीडर को 30,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़/लुधियाना

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अपने अभियान के तहत गुरुवार को लुधियाना महिला सेल की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) निर्दोष कौर और उनके रीडर बेअंत सिंह को 30,000 रुपए की रिश्वत लेने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया है। राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों को बठिंडा जिले के गांव घुद्दा निवासी प्रीतपाल कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो थाना, लुधियाना रेंज में 1.08.2024 को दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की धारा 7 और बीएनएस



अधिनियम की धारा 61(2) के तहत एफआईआर संख्या 28 दर्ज की गई है। इसके बाद, विजिलेंस ब्यूरो टीम द्वारा एक जाल बिछाया गया जिसमें दोनों आरोपियों को शिकायतकर्ता से 30,000 रुपए की दूसरी किश्त लेने की कोशिश करते हुए दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में गिरफ्तार किया गया।

### नायब तहसीलदार का रीडर-कम-रजिस्ट्री क्लर्क विजिलेंस ने रिश्वत लेते किए काबू

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने गुरुवार को नायब तहसीलदार, बाबा बकाला के रजिस्ट्री क्लर्क-कम-रीडर के पद पर तैनात गुरबख्श सिंह को 20,000 रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया। ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को गांव धनौला पुराना, तहसील बाबा बकाला, जिला अमृतसर निवासी अर्पण सिंह की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में ब्यूरो के अमृतसर रेंज पुलिस स्टेशन में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को कल सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा और इस संबंध में आगे की जांच के दौरान नायब तहसीलदार की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

### सीबीआई ने एनबीसीसी के डीजीएम को किया गिरफ्तार

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली/चंडीगढ़

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से मांगी गई 11.40 लाख रु. की रिश्वत के एक हिस्से के रूप में 5 लाख रु. का अनुचित लाभ मांगने एवं स्वीकार करने के दौरान एनबीसीसी लिमिटेड के डीजीएम को गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता जो की लेह में निर्माण परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है, ने डीजीएम के विरुद्ध एक लिखित शिकायत की, जिसमें आरोप है कि उक्त डीजीएम, एक अनुबंध आईटम की अनुमति देने के लिए 7.40 लाख रु. का अनुचित लाभ मांग रहा था। शिकायत के सत्यापन के दौरान, आरोपी डीजीएम ने पूर्व की मांग से अधिक यथा 11.40 लाख रु. का अनुचित लाभ मांगा। इस प्रकार, सीबीआई ने उक्त आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

सीबीआई द्वारा जाल बिछाया एवं एनबीसीसी लिमिटेड के उक्त डीजीएम को 11.40 लाख रु. की मांगी गई राशि के हिस्से के रूप में 5 लाख रु. का अनुचित लाभ मांगने एवं स्वीकार करने के दौरान रंगे हाथों पकड़ा।

आरोपी डीजीएम को गिरफ्तार कर लिया गया एवं उसे दिल्ली स्थित सक्षम न्यायालय में आज पेश किया जाएगा। दिल्ली स्थित आरोपी के आवासीय परिसर की तलाशी ली गई। इस मामले में जाँच जारी है।

## हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं में चार लोगों की मौत, 50 से अधिक लापता



**मंडी.** हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई है और 50 से अधिक लोग लापता हैं, जिसके बाद बड़े पैमाने पर तलाशी और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। शिमला जिले के रामपुर के समेज खड्ड इलाके में कल देर रात बादल फटने की घटना हुई, जिससे अचानक और भीषण बाढ़ आ गई। शिमला के डिप्टी कमिश्नर अनुपम कश्यप ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, पुलिस और होमगार्ड की टीमों ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि लापता लोगों का पता लगाने के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू ने स्थिति का जायजा लेने के लिए एक बैठक की। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि बादल फटने की घटना सुबह करीब 4:40 बजे हुई। करीब 50 लोग लापता हैं। 4 शव बरामद किए गए हैं। अगले 36 घंटों में भारी बारिश की संभावना है। डीसी, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। मैंने केंद्रीय गृह मंत्री से भी बात की है।

वहीं, मंडी जिले के पधर उपमंडल के थल्टूखोड़ में एक और बादल फटने की खबर मिली है। मंडी के डिप्टी कमिश्नर अपूर्व देवगन ने बताया कि इलाके से एक शव बरामद किया गया है और नौ लोग लापता बताए जा रहे हैं। भीषण बाढ़ के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिला प्रशासन और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमों को प्रभावित क्षेत्र में भेज दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बादल फटने की घटनाओं के बाद स्थिति का आकलन करने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू से बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को केंद्रीय सहायता और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल का सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से अपने गृह राज्य में बादल फटने से प्रभावित लोगों के बचाव और राहत के लिए काम करने को कहा है।

स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बादल फटने के कारण भारी नुकसान और जनजीवन अस्त-व्यस्त होने की दुखद खबर पर मंत्री जेपी नड्डा ने हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू से बात की और केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### पीड़ितों से मिले राहुल गांधी, कहा- पिता के निधन पर हुआ था ऐसा महसूस

**वायनाड.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि केरल के वायनाड में भूस्खलन से हुई तबाही को देखना दुखद है। गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ अपने पूर्व संसदीय क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि वह वही भावनाएं महसूस कर रहे हैं जो उन्हें तब महसूस हुई थीं जब उनके पिता, पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की 1991 में मृत्यु हो गई थी। राहुल ने कहा कि यह वायनाड, केरल और देश के लिए एक भयानक त्रासदी है। हम यहां हालात देखने आये हैं। यह देखना दुखद है कि कितने लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों और अपने घरों को खो दिया है।



कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हम मदद करने की कोशिश करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि बचे लोगों को उनका हक मिले। उनमें से बहुत से लोग स्थानांतरित होना चाहते हैं। यहां बहुत कुछ करने की जरूरत है। मैं डॉक्टरों, नर्सों, प्रशासन और स्वयंसेवकों सहित उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मेरे लिए, यह निश्चित रूप से एक राष्ट्रीय आपदा है। देखते हैं सरकार क्या कहती है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह समय राजनीतिक मुद्दों पर बात करने का है। यहां के लोगों को मदद की जरूरत है। अभी समय यह सुनिश्चित करने का है कि सभी सहायता मिले।

### भारतीय वायु सेना द्वारा वायनाड में भूस्खलन बचाव और राहत प्रयास

हाल ही में केरल के वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन को देखते हुए भारतीय वायु सेना ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य प्रशासन जैसी अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय करके 30 जुलाई 24 की सुबह से बचाव और राहत अभियान शुरू किया। भारतीय वायु सेना के परिवहन विमानों ने महत्वपूर्ण रसद आपूर्ति के साथ-साथ निकासी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सी-17 विमान ने बचाव सहायता कार्यों के लिए बेली ब्रिज, डॉग स्क्वॉड, चिकित्सा सहायता और अन्य आवश्यक उपकरणों जैसी 53 मीट्रिक टन आवश्यक साजो-सामान की आपूर्ति की है। इसके अतिरिक्त, राहत सामग्री और कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए एएन-32 और सी-130 का उपयोग किया जा रहा है। सामूहिक रूप से, भारतीय वायुसेना के इन विमानों ने बचाव दलों को आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचाकर विस्थापित निवासियों सहित 200 से अधिक लोगों को वहां से निकाला है। यद्यपि चुनौतीपूर्ण मौसम के कारण उड़ान भरने में बाधा आ रही है, लेकिन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारतीय वायुसेना मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) ऑपरेशन के लिए कार्यरत है।



# अहमदाबाद में देखने लायक बेहद खूबसूरत मंदिर



अहमदाबाद शहर जितना खूबसूरत है, उतना ही खूबसूरत यहां के भव्य मंदिर भी हैं, जहां आपको एक बार दर्शन करने के लिए जरूर जाना चाहिए। देखिए, अहमदाबाद के फेमस मंदिरों के बारे में-

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

भारत के अलग-अलग शहरों में अलग-अलग मंदिर हैं। इन मंदिरों का अपना इतिहास और कथाएं हैं। कुछ को राजा ने बनवाया तो कुछ मंदिर ऐसे हैं जो रातों रात प्रकट हो गए। बात करें गुजरात के अहमदाबाद की तो यहां पर भी बेहद खूबसूरत मंदिर हैं। जिनके दर्शन आपको एक न एक बार करने चाहिए। कहते हैं कि एक बार कोई व्यक्ति इन मंदिरों के दर्शन कर लेता है तो यहां बार-बार जाने का मन करता है।

### मोढेरा सूर्य मंदिर

सूर्य देवता को समर्पित मोढेरा सूर्य मंदिर मोढेरा के बेचराजी राजमार्ग के पास है। ऐसा माना जाता है कि इसका निर्माण 11वीं शताब्दी के दौरान हुआ था। इसे अहमदाबाद के सबसे पुराने मंदिरों में से एक माना जाता है। यह भारत के अधिकांश सूर्य मंदिरों की तुलना में काफी अलग दिखता है।

### श्री स्वामी नारायण मंदिर

मंदिर अंदर और बाहर से बर्मी सागौन

TRAVELLING



की लकड़ी से बनाया गया है, जो इस मंदिर की अद्वितीय सुंदरता के पीछे मुख्य कारण माना जाता है। नारायण मंदिर के साथ, मंदिर परिसर में कई अन्य इमारतें भी हैं।

### देवेन्द्रेश्वर महादेव मंदिर

अहमदाबाद रेलवे स्टेशन से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित देवेन्द्रेश्वर महादेव मंदिर शहर का सबसे पवित्र स्थान माना जाता है। इस मंदिर में देवी दुर्गा की एक सुंदर और अलंकृत मूर्ति और देवता महादेव की एक छोटी मूर्ति है। नवरात्रि के दौरान मंदिर का नजारा देखने लायक होता है।

### भद्रकाली मां मंदिर

यह मंदिर देवी भद्रकाली को समर्पित है, जिन्हें देवी काली के रूपों में से एक माना जाता है। इस खूबसूरत मंदिर को देखने के लिए सबसे अच्छा समय नवरात्रि है क्योंकि यह त्योहार यहां सबसे ज्यादा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

### श्री हनुमानजी मंदिर

शाहीबाग में स्थित श्री हनुमानजी मंदिर अहमदाबाद के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इसकी स्थापना लगभग 100 साल पहले पंडित गजानन प्रसाद ने की थी। मंदिर को अंदर से भगवान राम की वाणी से सजाया गया है। मंदिर में आमतौर पर मंगलवार और शनिवार के दौरान बहुत भक्त आते हैं।

BOLLYWOOD

## सावन में हरे रंग की साड़ी संग इन कलर के ब्लाउज को करें मिक्स एंड मैच

सावन के महीने में हरे रंग की चूड़ी, बिंदी और साड़ी के साथ श्रृंगार करने की खास मान्यता है। अगर आप हरे रंग की साड़ी पहन रही हैं तो इन ब्लाउज को मैच कर अट्रैक्टिव लुक पा सकती हैं।



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

सावन के महीने में महिलाएं हरे रंग से श्रृंगार करना पसंद करती हैं। हरे रंग की चूड़ी से लेकर हरी मेहंदी और कपड़ों का रंग भी हरा रखना चाहती हैं। अगर आप भी सावन में 16 श्रृंगार कर रही हैं और हरे रंग की साड़ी पहनने वाली है तो इन साड़ियों के साथ ऐसे ब्लाउज को मिक्स एंड मैच करके पहनें। जो आपके लुक को और भी ज्यादा खूबसूरत और फैशनेबल बना सकते हैं।

**मैचिंग के ब्लाउज**

आमतौर पर साड़ी के साथ मैचिंग के ब्लाउज आते हैं। लेकिन अगर आप लुक को थोड़ा सा इंट्रेस्टिंग बनाना चाहती हैं। या फिर किसी पुरानी ग्रीन कलर की साड़ी को पहनना चाह रही हैं तो उसे इन रंगों के ब्लाउज के साथ मिक्स एंड मैच करें।

**गुलाबी और ग्रीन कलर**

डार्क ग्रीन कलर के साथ पिंक कलर का कॉम्बिनेशन फिट बैठता है। तो अगर आपके पास प्लेन डार्क ग्रीन कलर की साड़ी है तो साथ में गुलाबी रंग के ब्लाउज को मैच कर पहन सकती हैं। ये अट्रैक्टिव लुक देगा।

**नीला रंग**

ग्रीन कलर की साड़ी के साथ आप नीले रंग के कलर को मैच कर सकते हैं। डार्क ब्लू से मिलते जुलते कलर ग्रीन कलर के साथ खूबसूरत लगते हैं। साथ ही पिकॉक कलर बनाते हैं।

**पीच या गोल्डन शेड्स**

अगर आपकी ग्रीन साड़ी के साथ किसी भी कलर के ब्लाउज फिट नहीं बैठ रहे हैं तो आप गोल्डन का लाइट शेड या गोल्डन कलर मैच करवा सकती हैं।

**लाइट ग्रीन और डार्क ग्रीन का कॉम्बिनेशन**

कुछ ग्रीन कलर के साथ लाइट और डार्क का कॉम्बिनेशन भी अच्छा लगता है। तो अपनी साड़ी के साथ अपोजिट कलर के इन ब्लाउज को पहनकर सावन में अट्रैक्टिव और खूबसूरत लुक पाया जा सकता है।

## टाइट ब्लाउज को सही फिटिंग में लाने के लिए इस टिप्स को फॉलो करें

ब्लाउज टाइट हो गया है तो उसे वापस से सही फिटिंग का बनाने के लिए इन आसान से हैक्स और टिप्स को आजमा सकती हैं।

• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

शरीर का आकार अक्सर घटता-बढ़ता रहता है। ऐसे में सबसे ज्यादा मुसीबत कपड़े पहनने की हो जाती है। तीज आ रही है और आप जिन ब्लाउज को फिटिंग का सिलवाकर रखी हैं। अब वो टाइट होने लगे हैं। ऐसे में क्या करें, क्योंकि ज्यादातर टेलर ब्लाउज के साइड में एक्स्ट्रा कपड़ा नहीं छोड़ते। अगर आपका ब्लाउज भी टाइट हो गया तो उसे सही फिटिंग का बनाने के लिए इस टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।

**बैक पर बनवाएं ये डिजाइन**

- ✓ टाइट ब्लाउज को अगर आप सही फिटिंग का बनवाना चाहती हैं तो बहुत ही काम की ट्रिक है।
- ✓ सबसे पहले बैक से ब्लाउज को कट कर दो भाग में कर दें।
- ✓ फिर ब्लाउज के कलर के कंट्रास्ट कलर के कपड़े को लेकर छोटे-छोटे बो डिजाइन को पूरे बैक पर सिलवा दें।
- ✓ या फिर आप चाहें तो मैचिंग के



कपड़े को भी बैक पर बो डिजाइन बनवाकर फिक्स करवा सकती हैं।
- ✓ अगर आप थोड़ा सा और स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो बीच में बड़े से डिजाइन के बो को ब्लाउज के दोनों सिरे को पकड़कर सिलवा दें। इस तरह की डिजाइन बैक पर बनवाने से ब्लाउज फिटिंग का बन सकता है।
- ✓ अगर ब्लाउज में बोट नेक बना है तो इसे फिटिंग का बनाना बहुत ही सिंपल है। बस बैक पर बोट शेप का कट लगवाकर उसकी किनारों को सिलवा दें। इससे फ्रंट से पहनने के लिए ब्लाउज में स्पेस बन जाएगा।

## मखाना है स्वाद और गुणों का खजाना, सीखें कई टेस्टी रेसिपीज और फायदे

**आमतौर पर पूजा-पाठ में इस्तेमाल होने वाला मखाना ऊर्जा और पोषक तत्वों का खजाना है। अपने नियमित आहार का हिस्सा इसे कैसे बनाएं, बता रही हैं कुकरी एक्सपर्ट नीरा**

• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी



मखाने की चर्चा होते ही मन में यह खयाल आता है कि यह तो सर्दियों में खाया जाने वाला ड्राई फ्रूट है। पर, ऐसा है नहीं। कुछ मेवे ठंडी तासीर वाले होते हैं, जिनमें से एक मखाना भी है। मखाना, जिसे अंग्रेजी में फॉक्स नट या लोटस सीड के नाम से भी जाना जाता है। इसके सेवन से पेट को ठंडक मिलती है साथ ही वीगन और शाकाहारी लोगों के लिए पोषक तत्वों से भरपूरा मखाना एक अच्छा विकल्प है।

**कैसा होता है मखाना?**

मखाना गोल, छोटा और मोती जैसे सफेद होते हैं। इन्हें तीन भागों में वर्गीकृत करती हूं: पहले टाइप का मखाना साबुत, गोल और आकार में थोड़ा बड़ा होते हैं। दूसरे टाइप के मखाने आकार में थोड़े छोटे होते हैं, जिनमें काले छिलके ज्यादा दिखाई देते हैं। तीसरे प्रकार के मकान को ठुर्री मखाना कहते हैं क्योंकि यह बहुत छोटे व सस्ते होते हैं, पर कुछ लोग इनका इस्तेमाल खीर बनाने के लिए करते हैं। आइए जानें मैं इनका उपयोग अपनी प्रतिदिन की डाइट में कैसे करती हूं:

- ✓ मैं मखाना का प्रयोग अपने भोजन में तीन तरह से करती हूं-पहला कच्चे रूप में, दूसरा भुने और तीसरा पाउडर बनाकर।
- ✓ मखाने से काला छिलका हटाकर मखाने को दो टुकड़ों में करती हूं और फिर पानी में भिगोकर धोकर पंचामृत में डालती हूं ।
- ✓ कच्चे मखानों को साफ करके दो टुकड़े करके एक चम्मच घी में जीरा, राई का तड़का लगाकर ऐसे ही डाल देती हूं। फिर सेंकती हूं। ऊपर से प्याज, टमाटर और खीरा का कचूंबर बनाकर इस मखाने में मिलाती हूं। स्वादिष्ट नाश्ता तैयार है।
- ✓ एक चम्मच घी में 10-12 मिनट धीमी गैस पर क्रिस्पी होने तक मखाने को भूनती हूं। फिर नमक, काली मिर्च, चाट मसाला आदि डालकर ठंडा करके एअर टाइट डिब्बे में रख लेती हूं। चाय के साथ स्नैक्स के रूप में खाने के लिए यह सेहतमंद विकल्प है।
- ✓ मखाने को भून लें। फिर बिना पानी डाले गुड की चाशनी बनाकर उसमें मखाना डालें। मखाने को गुड़ की चाशनी में मिलाएं। ठंडा होकर हर मखाना अलग हो जाता है। बच्चों को यह बहुत पसंद आता है।
- ✓ भुने मखानों का बादाम के साथ पाउडर बनाकर एयर टाइट डिब्बे में रखती हूं। डिनर में सूप के साथ पनीर, मखाने की टिक्की बनाती हूं या रात में दूध में एक चम्मच मखाना पाउडर डालकर पीती हूं।
- ✓ भुने मखाने को खीर में डालें या सब्जी में,स्वाद अच्छा हो जाता है। इसके अलावा भुने मखानों को बारिश के मौसम में पकौड़े वाले बेसन के मिश्रण में डुबोकर डीप फ्राई करें। खाने में मजा आ जाएगा।
- ✓ सलाद के ऊपर मखानों को क्रश करके डालें या साबुत ही तुरंत सर्व करें, अच्छा रहेगा। साथ ही स्मूदीज में, शेक में मखाने के पाउडर का इस्तेमाल करती हूं।
- ✓ रायते में भुने मखाने और पिस्ता डालें। ऊपर से हींग, जीरा पाउडर, नमक और मिर्च आदि डालें। चाहें तो सिर्फ भुने मखानों को चाट की तरह बनाएं या भेलपुरी की तरह। खाने का मजा दोगुना हो जाएगा।
- ✓ मैं काजू रोल की तरह मखाना रोल और लड्डू आदि बनाती हूं। इसके अलावा छिलके सहित भुने चने को पीसकर बराबर मात्रा में मखाना पाउडर, ड्राई फ्रूट और देसी खांड मिलाकर लड्डू बनाती हूं।

**यूं करें स्टोर**

- ✓ पैकेट खोलते ही मखानों को एयर टाइट कंटेनर या जिप लॉक बैग में डालें। इससे हवा और नमी कंटेनर में प्रवेश नहीं करेगी ।
- ✓ ठंडी और सूखी जगह पर स्टोर करें। धूप गर्मी और नमी से दूर रखें ताकि उनका कुरकुरापन बना रहे।
- ✓ मखानों को रेफ्रिजरेटर में नहीं रखना चाहिए। मखाना खराब हो सकता है।

**फायदा मिलेगा भरपूर**

- ✓ खाने में सोडियम, पोटैशियम, कैल्शियम, फाइबर, आयरन और विटामिन-सी जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके सेवन से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और कमजोरी दूर होती है। 100 ग्राम मखाने में 350 ग्राम कैलोरी पाई जाती है। यह वजन कम करने और दिल को सेहतमंद रखने में प्रभावी साबित होता है।

## पढ़ाई से दूर भागता है बच्चा, ये 4 बातें बांध लें गांठ क्लास में करेगा टॉप

**जालंधर ब्रीज (फीचर)** . बच्चों की पढ़ाई को लेकर पेरेंट्स का टेंशन लेना बहुत ही नॉर्मल बात है। आखिर पैरेंट्स से ज्यादा बच्चों के भले-बुरे के बारे में अच्छे से कौन जानता हैं। अब छोटी उम्र में बच्चों का मन खेलकूद के अलावा हर दूसरी चीज में लगता है। वैसे भी मोबाइल फोन के इस जमाने में तो ढेरों चीजें मौजूद हैं जो बच्चों का ध्यान अपनी तरफ खींचती हैं और उन्हें पढ़ाई से डिस्ट्रैक्ट करने का काम करती हैं। ऐसे में बच्चों का मन बिल्कुल भी पढ़ाई में नहीं लगता और वो इसे एक बोझ की तरह देखने लगते हैं। ऐसे में मां बाप बच्चे के भविष्य को लेकर काफी ज्यादा टेंशन में आ जाते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताने वाले हैं जिनकी मदद से आप अपने बच्चों को पढ़ाई का महत्व बता सकते हैं और उन्हें पढ़ने के लिए मोटिवेट भी कर सकते हैं।



Parenting

**बातचीत के रास्ते निकलेगा हल :** पेरेंट्स का बच्चों के साथ प्रॉपर कम्युनिकेशन होना बेहद जरूरी है। बातचीत के जरिए ही मां-बाप अपने बच्चों को पढ़ाई का इंपॉर्टेंस समझा सकते हैं। इसके अलावा जब मां-बाप और बच्चों के बीच का रिश्ता कंफर्टेबल होता है और उसमें कम्युनिकेशन गैप नहीं होता है, तो बच्चे खुलकर अपनी प्रॉब्लम्स मां-बाप से शेयर कर सकते हैं। अपने बच्चों से खुलकर एक दोस्त की तरह बाते करें। उनसे उनके भविष्य के बारे में जरूरी बातें करें। उन्हें अगर पढ़ाई में किसी तरह की भी प्रॉब्लम का सामना करना पड़ रहा है तो मिलकर उनके साथ उसका सॉल्यूशन खोजें। इस तरह की बॉन्डिग होने से आपके बच्चे के अंदर पढ़ाई को लेकर डर नहीं बल्कि इंटरेस्ट पैदा होगा।

**बच्चों के अंदर की जिज्ञासा को मारें नहीं बल्कि और जगाते रहें :** छोटे बच्चों के लिए दुनिया की हर चीज एकदम नई होती है। उनके अंदर हर चीज को जानने-समझने की उत्सुकता बहुत ज्यादा होती है। यही वजह है कि छोटे बच्चे बात-बात पर सवाल करते हैं। जब भी बच्चे सवाल करें तो मां-बाप का ये फर्ज बनता है कि वो बच्चों के मन में उठ रहे सभी सवालों का सेटिस्फेक्टरी जवाब दें।

**बच्चों को करें मोटिवेट :** अगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा पढ़ाई में मन लगाए, तो आपको समय-समय पर अपने बच्चों को मोटिवेट करते रहना चाहिए। बच्चों की छोटी सी अचीवमेंट को भी सेलिब्रेट करें। उन्हें मोटिवेट करें कि उन्होंने काफी अच्छा काम किया है। इससे वो आगे और बेहतर करने की कोशिश करेंगे। इसके साथ ही अपने बच्चे को कभी भी किसी दूसरे के साथ कंपेयर ना करें।

***डिस्क्लेमर :** यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी प्रयोग से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

## आप भी खाते हैं ये हेल्दी लगने वाले पैकेज्ड फूड तो आज से ही कर दें बंद

HEALTH

हेल्दी समझकर इन पैकेट वाली चीजों को घर में लाते हैं तो आज से ही बंद कर दें। लगातार इन्हें खाने से लंबे समय में सेहत को नुकसान होने का खतरा रहता है।

• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

खाने-पीने की सारी चीजें घर में मौजूद हो ऐसा जरूरी नहीं। अक्सर हम लोग बाहर जाते हैं और दुकान से कुछ पैकेट बंद फूड खरीदकर लाते हैं। ये खाने-पीने की चीजें भले ही भूख लगने पर टेस्टी लगें और पेट भरें। लेकिन इनमे जरा सा भी पोषण नहीं होता उल्टे इसमे मिले इंग्रीडिएंट्स आपकी सेहत को लंबे समय में नुकसान पहुंचा सकते हैं। जानें वो कौन से पैकेट वाले फूड हैं, जिन्हें अक्सर हम घर लाते हैं लेकिन वो सेहत के लिए जरा भी हेल्दी नहीं होते।

**रस्क या टोस्ट**

चाय के साथ रस्क खाना हो या बच्चों को दूध के साथ देना हो। ज्यादातर घरों में ये प्रोडक्ट जरूर आता है। लेकिन बता दें कि रस्क खाने की सबसे बेकार चीज है। जिसमे न्यूट्रिशन के नाम पर कुछ नहीं होता। उल्टे शुगर की मात्रा ज्यादा होती है। तो बात-बात पर बच्चों को दूध के साथ टोस्ट या रस्क खाने को देती हैं तो फौरन बंद कर दें। नहीं तो लंबे समय में सेहत पर बुरा असर पड़ेगा।

**पैकेट वाले नारियल पानी**

नारियल पानी तो शरीर के लिए अच्छा होता है। लेकिन जब आप इसे ताजा पिएं। अगर पैकेट में, केन में आ रहे नारियल पानी को पीते हैं तो इसमे मौजूद शुगर की हाई मात्रा सेहत के लिए बिल्कुल भी अच्छी नही है।



**पैकेट वाले मसाला ओट्स**

ओट्स हेल्दी है और वेट लॉस के लिए बेस्ट है। लेकिन ये पैकेट बंद मसाला ओट्स बिल्कुल भी नहीं। इसमे न्यूट्रिशन ना के बराबर होता है। पीछे लिए इंग्रीडिएंट में एनर्जी का लेवल तो हाई होता है लेकिन बाकी सारे आर्टीफिशियल होते हैं। तो ओट्स को हेल्दी समझकर हर दिन खा रहे हैं तो संभल जाएं। इस तरह के पैकेट वाले मसाला ओट्स का सेहत पर कोई भी फायदा नहीं होता है।

**डाइजेस्टिव बिस्कुट**

डाइजेस्टिव बिस्कुट को हेल्दी समझकर बहुत सारे लोग और डायबिटीज के मरीज भी खाना पसंद करते हैं। लेकिन इन डाइजेस्टिव बिस्कुट में शुगर की मात्रा 12 प्रतिशत के साथ ही मैदे की भी मात्रा होती है। जो किसी भी एंगल से हेल्दी बिस्कुट में गिनती नहीं हो सकती।

**पैकेट वाले सूप**

पैकेट वाले इंस्टेंट सूप बच्चों से लेकर बड़ों को खूब पसंद आते हैं। फटाफट बन जाने के साथ इनका स्वाद भी बढ़िया लगता है। लेकिन इन सूप्स में सोडियम ग्लूटामेट की मात्रा सेहत के लिए हार्मफुल होती है। लगातार इस तरह के पैकेट वाले फूड सेहत को लंबे समय में नुकसान पहुंचाने लगते हैं।

# मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीता

## भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 में दूसरा पदक जीता




**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिया है, जिससे पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत के पदकों की संख्या दो हो गई है। इस जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल राउंड में 13 शॉट के बाद 16-10 के स्कोर के साथ कोरिया गणराज्य पर जीत हासिल की।

फाइनल राउंड में उनके शानदार प्रदर्शन ने एक असाधारण अभियान समाप्त किया और उनके नाम तथा भारत की पदक तालिका में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि जोड़ दी। पेरिस ओलंपिक 2024 में यह मनु का दूसरा कांस्य पदक भी है।

सरबजोत सिंह वर्ष 2019 से खेलो इंडिया खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने 4 खेलो इंडिया गेम्स में भाग लिया है और साथ ही साथ ही वह लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना खिलाड़ी भी हैं। मनु भाकर भी खेलो इंडिया गेम्स की पूर्व प्रतियोगी रही हैं और लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना खिलाड़ी हैं।

*क्वालिफिकेशन राउंड :*

10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड क्वालिफिकेशन राउंड में मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने सटीकता और कौशल का परिचय देते हुए 580 का संयुक्त स्कोर हासिल किया। इस प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें शीर्ष दावेदारों में शामिल कर दिया, जिससे उन्हें कांस्य पदक के शूट-ऑफ में जगह मिली।

*प्रमुख सरकारी सहायता : सरबजोत सिंह*

पेरिस ओलंपिक चक्र के दौरान सरबजोत सिंह के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- प्रशिक्षण और प्रतियोगिता सहायता: 17 जनवरी से 18 फरवरी, 2023 तक, उन्हें प्रशिक्षक के साथ प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए सहायता प्रदान की गई।
- निजी प्रशिक्षक सहायता: 10 जुलाई से 1 अगस्त, 2024 तक चेटौरॉक्स में वोल्मेरेंज ओटीसी और पेरिस ओजी 2024 में भाग लेने के लिए उनके निजी प्रशिक्षक, श्री अभिषेक राणा के खर्चों के लिए वित्तीय सहायता आवंटित की गई।




*प्राप्त वित्तीय सहायता :*

- टीओपीएस के अंतर्गत: 20,24,928 रुपये
- प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए वार्षिक कैलेंडर (एसीटीसी) के अंतर्गत: 1,26,20,970 रुपये

*प्रमुख उपलब्धियां :*

- एशियाई खेल (2022): टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक और मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक।
- एशियाई चैम्पियनशिप, कोरिया (2023): 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक, भारत के लिए ओलंपिक 2024 का कोटा स्थान सुरक्षित किया ।
- विश्व कप, भोपाल (2023): व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक।
- विश्व कप, बाकू (2023): मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक।
- जूनियर विश्व कप, सुहल (2022): टीम स्पर्धा में स्वर्ण तथा व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदक।
- जूनियर विश्व चैम्पियनशिप, लीमा (2021): टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक।

*मनु भाकर*

पेरिस ओलंपिक चक्र के दौरान मनु भाकर के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं :

- एम्मुनिशन और हथियार की सर्विसिंग: एम्मुनिशन और हथियार की सर्विसिंग, पेलेट और एम्मुनिशन का परीक्षण और बैरल के चयन में सहायता प्रदान की गई।
- प्रशिक्षण सहायता: ओलंपिक की तैयारी के लिए लक्ज़मबर्ग में निजी प्रशिक्षक श्री जसपाल राणा के साथ प्रशिक्षण के लिए सहायता प्रदान की गई।

*प्राप्त वित्तीय सहायता :*

- टीओपीएस के अंतर्गत: 28,78,634/-रुपये
- एसीटीसी के अंतर्गत: 1,35,36,155/-रुपये

*प्रमुख उपलब्धियां :*

- एशियाई खेल (2022) में 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक
- विश्व चैम्पियनशिप, बाकू (2023) में 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक
- एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप, चांगवोन (2023) में पेरिस गेम्स 2024 के लिए कोटा स्थान
- विश्व कप, भोपाल (2023) में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक
- विश्व चैम्पियनशिप, काहिरा (2022) में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक
- विश्व विश्वविद्यालय खेल, चेंगदू (2021) में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा और महिला टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक

# बीबीएसएसएल योजना हरियाणा के किसानों के लिए नई आशा लेकर आई

**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली



सहकारिता मंत्रालय ने हाल ही में सोनीपत पर विशेष ध्यान देने के साथ हरियाणा में किसानों पर भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसटएल) योजना के महत्वपूर्ण प्रभाव को उजागर करने वाली जानकारी जारी की है। यह खुलासा श्री सतपाल ब्रह्मचारी द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक अतारांकित प्रश्न के जवाब में हुआ कि हरियाणा में किसानों को बीबीएसएसएल योजना से किस हद तक लाभ हो रहा है।

किसान भागीदारी पर डेटा

मंत्रालय के अनुसार, बहु-राज्य सहकारी सोसायटी (एमएससीएस) अधिनियम, 2002 के तहत स्थापित बीबीएसएसएल में हरियाणा से पर्याप्त भागीदारी देखी गई है। इफको, कृभको, NAFED, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB), और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) जैसे प्रमुख सहकारी संगठनों द्वारा प्रचारित, BBSSL की शुरुआत 250 करोड़ की प्रारंभिक चुकता पूंजी के साथ हुई। पांच प्रवर्तकों में से प्रत्येक ने 50 करोड़ का योगदान दिया, जिसकी अधिकृत शेयर पूंजी 500 करोड़ निर्धारित की गई।

अब तक, बीबीएसएसएल को हरियाणा से 683 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 32 आवेदक सोसायटी सोनीपत से हैं। इनमें से 26 सहकारी समितियों को सदस्यता प्रदान की गई है। 23 जुलाई, 2024 को, बीबीएसएसएल ने हरियाणा सरकार से बीज लाइसेंस प्राप्त किया, जिससे वह राज्य में सदस्य सहकारी समितियों के नेटवर्क के माध्यम से परिचालन शुरू करने में सक्षम हो गया।

*गतिविधियाँ और उद्देश्य*

बीबीएसएसएल योजना भारत में बीज उत्पादन और वितरण में क्रांति लाने के लिए बनाई गई है। सहकारी समितियों के अपने नेटवर्क के माध्यम से, बीबीएसएसएल एक ही ब्रांड के तहत गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन, खरीद और वितरण पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस योजना का उद्देश्य फसल की पैदावार में सुधार करना और स्वदेशी प्राकृतिक बीजों के संरक्षण और प्रचार के लिए एक प्रणाली स्थापित करना है।

*ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव*

बीबीएसएसएल योजना के कार्यान्वयन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और बीज उत्पादन को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सहकारी समितियों के माध्यम से गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन बढ़ाकर, इस योजना का उद्देश्य आयातित बीजों पर भारत की निर्भरता को कम करना और समग्र कृषि उत्पादकता को बढ़ाना है। यह पहल "मेक इन इंडिया" अभियान के व्यापक लक्ष्यों और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

इसके अलावा, बीबीएसएसएल की गतिविधियों से "सहकार-से-समृद्धि" (सहयोग के माध्यम से समृद्धि) के नारे के तहत सहकारी मॉडल के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के लिए बेहतर कीमतों, उच्च उपज वाले किस्म (एचवाईवी) बीजों के उपयोग के माध्यम से फसल उत्पादन में वृद्धि और समाज द्वारा उत्पन्न अधिशेष से वितरित लाभांश से लाभ होगा।

# गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब के 37वें राज्यपाल के तौर पर शपथ ली



**जालंधर ब्रीज (चंडीगढ़).** गुलाब चंद कटारिया ने बुद्धवार को पंजाब के 37वें राज्यपाल के तौर पर शपथ उठाई। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ़ जस्टिस, जस्टिस शील नाग्गू ने पंजाब राज भवन में गुलाब चंद कटारिया को पद की शपथ दिलाई। इस मौके हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्य मंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान भी उपस्थित थे।

गुलाब चंद कटारिया ने हिंदी में शपथ उठाई। उन्होंने हलफ़ दस्तावेज़ पर दस्तखत किए, जिस पर चीफ़ जस्टिस के भी हस्ताक्षर थे। बाद में गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ के प्रशासक के तौर पर प्रभार लेने के लिए अलग- अलग प्रभार रिपोर्टों पर दस्तखत किए। इससे पहले राज्यपाल, पंजाब राज्य भवन के गुरू नानक देव आडीटोरियम में रिवायती रस्मों दौरान हलफ़ समागम में पहुँचे। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ़ जस्टिस भी उनके साथ थे। पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने समागम शुरू करने की इजाज़त माँगी और गुलाब चंद कटारिया की पंजाब के राज्यपाल के तौर पर नियुक्ति के वारंट पढ़ कर सुनाए।

## त्योहार से पहले सोने-चांदी में तेजी



**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली

**भारतीय** सर्राफा बाजार में बीते दिनों सोने-चांदी की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 663 रुपए बढ़कर 68,794 रुपए पर पहुंच गया है। हालांकि पहले इसके दाम 68,131 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं अगर बात करें चांदी की तो उसमें भी 929 रुपये की तेजी देखने को मिली है, जिसके बाद बढ़त के साथ चांदी की कीमत ₹82,200 प्रति किलो पाई गई है। इस उछाल के पहले चांदी 81271 रुपए किलो प्रति पर थी। जबकि इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।

**देश के 4 बड़े शहरों में सोने के दाम :** अगर बात करें देश की राजधानी दिल्ली की तो वहां 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 63,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 69,310 रुपए है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 63,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 69,160 रुपए है। कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 63,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 69,160 रुपए है। चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 64,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 69,980 रुपए है। इस साल अब तक सोने के दाम 5,442 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ चुके हैं। साल की शुरुआत में ये 63,352 रुपए पर था। जो अब 68,794 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं चांदी साल की शुरुआत में 73,395 रुपए प्रति किलो पर थी। जो अब 88,328 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी, चांदी इस साल 8,805 रुपए बढ़ चुकी है।

# एनसीसी ने पंजाब विश्वविद्यालय की उप कुलपति प्रोफेसर रेणु विग को कर्नल की मानद उपाधि से सम्मानित किया

**'हर काम देश के नाम'**

**• जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़

पंजाब विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर रेणु विग को आज एनसीसी ग्रुप चंडीगढ़ में आयोजित एक पिपिंग समारोह में एनसीसी में कर्नल की मानद उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर मेजर जनरल मंजीत सिंह मोखा, अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ निदेशालय, ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह, ग्रुप कमांडर, एनसीसी; श्री रूपिंदरजीत सिंह बराड़, निदेशक उच्च शिक्षा, चंडीगढ़, विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के संकाय और एनसीसी कैडेट मौजूद थे। इस भव्य समारोह में प्रोफेसर विग को फ़ोल्डर और स्मृति चिन्ह भेंट सम्मानित किया गया।

भारत सरकार ने 19 भारतीय विश्वविद्यालयों के उप कुलपतियों (वीसी) को राष्ट्रीय कैडेट कोर में कर्नल के मानद पद की अनुमति दी है। ये 19 उप कुलपति अपने-अपने विश्वविद्यालयों के कर्नल कमांडेंट के रूप में काम करेंगे। जब तक वे पद पर रहेंगे, उनकी मानद रैंक वैध रहेगी। मानद सैन्य रैंक कभी-कभी नागरिकों को किसी विशिष्ट क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन या राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए प्रदान की जाती है।

सम्मानित होने पर कुलपति ने आभार व्यक्त किया और कहा कि यह प्रतिष्ठित उपाधि केवल एक व्यक्तिगत प्रशंसा नहीं है, बल्कि 'एकता और अनुशासन' के मूल सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए पंजाब विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय कैडेट कोर की साझा प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

इस अवसर पर मेजर जनरल मोखा, एडीजी एनसीसी ने भी संबोधित किया और कैडेटों से एनसीसी गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आग्रह किया। उन्होंने कुलपति को मानद रैंक के लिए बधाई दी और कहा कि एनसीसी के कर्नल कमांडेंट की नियुक्ति से वह एनसीसी इकाइयों के साथ निकट संपर्क में आएंगी, जिससे क्षेत्राधिकार के तहत शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियों और कैडेटों के साथ बेहतर संबंध कायम हो सकेगा।



# अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद नवनिर्मित ईमारत, संपत्ति या कार्यालय के लिए एनओसी जरूरी

## शहरवासियों को ट्रैफिक/पार्किंग की समस्या से निजात दिलाने के लिए सीपी ने उठाया कदम

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



शहर में यातायात/पार्किंग अव्यवस्था पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाते हुए जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने किसी भी ईमारत/मॉल या कार्यालय को खोलने के लिए नए सुधार की शुरूआत करते हुए एक मास्टर प्लान तैयार किया है।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि ट्रैफिक समस्याओं से निपटने के लिए जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने नई पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य आम लोगों को खासकर कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह की कमी के कारण लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत दिलाना है। स्वप्न शर्मा ने कहा कि अब से मॉल, कार्यालय या प्रतिष्ठान खोलने के लिए पुलिस से एनओसी अनिवार्य होगी और कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर नो एंट्री, नो एंट्री को सख्ती से सुनिश्चित किया जाएगा।

पुलिस कमिश्नर ने कहा कि शहर में अवैध अतिक्रमण की समस्या सुलझाने के बाद अब कमिश्नरेट पुलिस वाहन पार्किंग की समस्या से निपट रही है। उन्होंने कहा कि अब से व्यावसायिक गतिविधियों के लिए पार्किंग के लिए आवश्यक स्थान के लिए पुलिस विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य होगा। स्वपन शर्मा ने कहा कि भवन निर्माण हेतु स्वीकृति एवं एनओसी से संबंधित विभागों को पत्र जारी कर दिया गया है।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि जो कोई भी नया कार्यालय खोलना चाहता है, उसे पार्किंग स्थान, कुल पार्किंग क्षेत्र और चार पहिया व दोपहिया वाहनों की क्षमता दर्शाते हुए एक विस्तृत लेआउट और साइट योजना प्रस्तुत करनी होगी। उन्होंने कहा कि रेस्तरां, बार, होटल, मल्टीप्लेक्स, अस्पताल और अन्य संस्थानों को एनओसी के लिए आवेदन करते समय बैठने की क्षमता और कमरों/बैडों की संख्या का उल्लेख करना आवश्यक होगा। स्वपन शर्मा ने कहा कि इससे एक ओर जहां वाहनों की आवाजाही को सुचारू करने में मदद मिलेगी वहीं दूसरी ओर पार्किंग स्थल की अनुपलब्धता के कारण लगने वाले ट्रैफिक जाम को रोकने में भी मदद मिलेगी।

## विदेशी थाई मंगूर मछली को पालन और बेचने पर पूर्ण पाबंदी

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

अतिरिक्त ज़िला मैजिस्ट्रेट मेजर डा. अमित महाजन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 अधीन प्राप्त हुए अधिकारों का प्रयोग करते हुए ज़िला जालंधर की सीमा में नागरिक सुरक्षा और जनता की जान- माल की रक्षा को यकीनी बनाने के लिए विदेशी थाई मंगूर मछली को प्रफुल्लित ( पालन) और बेचने पर तुरंत पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है। यह मछली अपनी किस्म की मछली को भी खा जाती है और छप्पड़ों, जानवरों को भी बहुत नुक्सान पहुंचाती है। भारतीय मछलियों के लिए यह बहुत हानिकारक है। यह आदेश अगले दो महीने तक लागू रहेगा।

## एसजीपीसी चुनाव : वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए आखिरी तारीख़ में 16 सितंबर तक विस्तार

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

चीफ़ कमिश्नर, गुरुद्वारा चुनाव, पंजाब द्वारा शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के नए बोर्ड के गठन के लिए वोटर सूचियों की तैयारी संबंधी संशोधित शड्यूल जारी किया गया है। डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि पहले जारी समय सारणी अनुसार शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मतदान के लिए वोटर रजिस्ट्रेशन फार्म 21 अक्तूबर 2023 से 31 जुलाई 2024 तक प्राप्त किए जाने थे परन्तु संशोधित हुए शड्यूल अनुसार वोटर रजिस्ट्रेशन फार्म प्राप्त करने की आखिरी तारीख़ में 16 सितम्बर 2024 तक विस्तार कर गया है। डा. अग्रवाल ने आगे बताया कि संशोधित हुए शड्यूल अनुसार एस.जी.पी.सी. चुनाव के लिए वोटर सूची की प्राथमिक प्रकाशना 9 अक्तूबर 2024 को की जाएगी, जिस पर 29 अक्तूबर 2024 तक दावे और ऐतराज़ प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावों और ऐतराज़ों का निपटारा सिख गुरुद्वारा बोर्ड मतदान नियम, 1959 के नियम 10 (3) अनुसार 8 नवंबर 2024 तक कर दिया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि इस उपरांत 25 नवंबर 2024 को सप्लीमैंटरी वोटर सूचियों की तैयारी और छपाई की जाएगी और 26 नवंबर 2024 को वोटर सूचियों की अंतिम प्रकाशना कर दी जाएगी। एस.जी.पी.सी. चुनाव के लिए वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए व्यक्ति केसधारी सिख होना चाहिए।

# कैबिनेट मंत्री द्वारा 'आप दी सरकार, आप दे द्वार' के तहत आयोजित विशेष कैंप की समीक्षा

**कैम्प में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उचित समाधान के निर्देश दिए**

• **जालंधर ब्रीज.** करतारपुर (जालंधर)



पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने आज यहां 'आप दी सरकार, आप दे द्वार पहल के तहत आयोजित विशेष कैम्प का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कैम्प में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर पात्र आवेदकों को यथाशीघ्र सरकारी सेवाओं का जल्द से जल्द लाभ देने के निर्देश दिये। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की इस पहल का उद्देश्य लोगों को उनके घरों के नजदीक सरकारी सेवाओं का लाभ प्रदान करने के साथ-साथ उनके विभिन्न सरकारी विभागों/कार्यालयों से संबंधित मुद्दों का समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि इन कैम्प के माध्यम से पंजाब सरकार लोगों के दिलों तक सरकारी सेवाएं पहुंचा रही है और विभिन्न विभागों के अधिकारी लोगों के घरों तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है, जिससे उनका पैसा और समय दोनों बच रहा है क्योंकि अब उन्हें अपने प्रशासनिक कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों में जाने की जरूरत नहीं है।

स्थानीय निकाय मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कैम्प में आने वाले लोगों को सेवाएं प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

इस दौरान उन्होंने कैम्प में पहुंचे लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को उचित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सेवाएँ प्राप्त करने वाले लोगों को अनुमोदन/अनुमोदन पत्र भी प्रदान किये।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम कर रही है और राज्य के लोगों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह आम आदमी पार्टी की सरकार है, जिसने 600 यूनिट बिजली माफी, आम आदमी क्लीनिक, स्कूल ऑफ एमिनेंस, सरकारी नौकरियां, 1076 हेल्पलाइन जैसे कोई भी जनहितैषी फैसले लिए है।

इस दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर अमित महाजन, कैबिनेट मंत्री की बेटी हरप्रीत कौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### आप सांसद मलविंदर सिंह कंग ने संसद में उठाए शिक्षा से जुड़े अहम मुद्दे

# पंजाब के लंबित फंड, विशेष रूप से पीएम श्री और मिड-डे मील फंड जारी करने की मांग की

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली/चंडीगढ़

पंजाब के आम आदमी पार्टी के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने संसद में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अहम मुद्दे उठाए। कंग ने कहा कि हमारे देश के हर स्कूल में सिख गुरुओं और पंजाबी स्वतंत्रता सेनानियों का इतिहास पढ़ाया जाना चाहिए। ऐतिहासिक लोकसभा सीट श्री आनंदपुर साहिब का प्रतिनिधित्व करने वाले कंग ने कहा कि हम स्कूल में बाबर का इतिहास पढ़ाते हैं लेकिन हम गुरु नानक देव जी के बारे में क्यों नहीं पढ़ा रहे हैं, जिन्होंने बाबर को उसकी सैन्य शक्ति से भयभीत हुए बिना अत्याचारी कहा था।

गुरुवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान मलविंदर कंग ने कहा कि सरकार को पंजाब यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों का उत्थान करना चाहिए और उन्हें विशेष अनुदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक के दोनों पदक विजेता मनु भाकर और सरबजोत सिंह पीयू के पूर्व छात्र हैं। इस संस्थान ने हमारे देश को कई प्रमुख नेता दिये हैं। इसलिए केंद्र सरकार को इस संस्थान को वित्तीय संकट से उबारने के लिए विशेष अनुदान देना चाहिए।



आप सांसद ने लंबित फंड का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार को बिना किसी देरी के पंजाब का लंबित फंड जारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार को पीएम श्री योजना (पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) और मिड-डे मील फंड से संबंधित फंड तुरंत जारी करना चाहिए।

कंग ने आगे कहा कि भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या दूसरे नंबर पर है, लेकिन उच्च शिक्षा के मामले में हम दुनिया में 33वें स्थान पर हैं। 79% छात्र स्नातक संस्थानों में जाते हैं, लेकिन केवल 12% स्नातकोत्तर संस्थानों में जाते हैं। वहीं मात्र 0.5 - 0.6% ही पीएचडी कर पाते हैं। कंग ने कहा कि सरकार को उच्च शिक्षा संस्थानों और वहां की सुविधाओं पर ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों का मुद्दा भी उठाया और सुझाव दिया कि केंद्र सरकार को इन छात्रों के लिए विशेष योजनाएं लानी चाहिए। दिल्ली और पंजाब की आम आदमी पार्टी की तरह केंद्र सरकार को भी उनका खर्च उठाना चाहिए। अपने भाषण के अंत में कंग ने मांग की कि स्कूलों में सिख गुरुओं और स्वतंत्रता सेनानियों का इतिहास अनिवार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अपने देश में आक्रमणकारियों का इतिहास पढ़ा रहे हैं लेकिन उन आक्रमणकारियों के खिलाफ खड़े हुए लोगों का इतिहास नहीं पढ़ा रहे हैं।

## मोहम्मद रफी को उनकी 44वीं बरसी पर किया याद



• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

होशियारपुर आज यहां बहुरंग कलामंच होशियारपुर की ओर से वॉइस आफ इंडिया मोहम्मद रफी जी की 44वीं बरसी के अवसर पर शहर की अलग-अलग शख्सियतों को साथ लेकर एक म्यूज़िकल ईवनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य मेहमान कैबिनेट मन्त्री ब्रमशंकर जिम्पा थे जबकि विशेष मेहमान के तौर पर लैफ्टिनैंट जनरल जे.एस.ढिल्लों, डॉ.एम जमील बाली, हरजीत सिंह मठारू, एडवोकेट एस.पी.राणा तथा ऐली रमेश कुमार डिस्ट्रिक गर्वनर ने शिरकत की। इस प्रोग्राम का संचालन रंगकर्मी तथा निर्देशक बहुरंग कलामंच होशियारपुर ने किया।

प्रोग्राम के शुरू में मोहम्मद रफी को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कैबिनेट मन्त्री ब्रमशंकर जिम्पा जी के साथ प्रो. हरजिन्दर अमन, नील कमल, डॉ.एम.जमील बाली, एडवोकेट एस.पी.राणा, डॉ.हरजिन्दर सिंह ओबराय तथा अशोक पुरी ने शमा रोशन की। इस उपरांत संगीत के विद्यार्थी अजय राम, जसविन्द्र सिंह तथा एमनपॉल की पेशकारी के साथ होशियारपुर के करोके गायन के एडवोकेट प्रीत डडवाल, प्रो. सुखविन्दर सिंह तथा हरीश ऐरी ने रफी जी के गीत गाए। इस अवसर पर मंच संचालक अशोक पुरी ने बताया कि मोहम्मद रफी जी की आवाज़ भारत के संगीत जगत की नुमाईंदगी करती है। उन्होंने अपनी छोटे से जीवन काल में 29 हज़ार गीत गाकर एक रिकार्ड कायम किया।



## संधवां ने जापान दौरे से लौटे सात विद्यार्थियों को किया सम्मानित

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने मीठी यादों के बेहतरीन अनुभव लेकर जापान के दौरे से लौटे पंजाब के सात विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संधवां ने कहा कि यह गर्व और संतोष की बात है कि पंजाब के इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की सांस्कृतिक योजना के तहत जापान का दौरा किया है। उन्होंने बताया कि ये सभी विद्यार्थी सरकारी स्कूलों से संबंधित हैं और उन्होंने मेरिट सूची में उच्च स्थान प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों को एक सप्ताह के दौरे के दौरान जापान की संस्कृति, विज्ञान और तकनीकी विधियों को समझने का अवसर मिला। संधवां ने पंजाब विधानसभा सचिवालय में हरमनदीप कौर (मानसा), जसमीत कौर (संगरूर), संजना कुमारी (पटियाला), सपना और दीपिका (बठिंडा), गुरविंदर कौर (फिरोजपुर) और ख्वाहिश (जालंधर) को विशेष रूप से सम्मानित किया।

स्पीकर ने इन विद्यार्थियों से जापान दौरे के बारे में विस्तार से बातचीत की। उन्होंने विद्यार्थियों को विधानसभा हाउस भी दिखाया और विधानसभा में चल रहे विधायकी कार्यों की जानकारी भी दी। स्पीकर ने आशा व्यक्त की कि ये विद्यार्थी अन्य विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल बनेंगे और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेंगे।

## ओटीएस स्कीम का व्यापारी उठाएं अधिक से अधिक लाभ : अनिल ठाकुर



**पंजाब ट्रेडर्स कमिशन आबकारी व कर विभाग के चेयरमैन ने जिले के उद्योगों और विभिन्न एसोसिएशनों के साथ की बैठक**

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

पंजाब ट्रेडर्स कमिशन आबकारी व कर विभाग के चेयरमैन अनिल ठाकुर ने आज जिला प्रशासकीय कांप्लेक्स में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला शिकायत निवारण, उद्योग और विभिन्न एसोसिएशनों को ओ.टी.एस स्कीम के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान पिछड़ा वर्ग भूमि विकास एवं वित्त निगम (बैकफिंको) के चेयरमैन संदीप सैनी, जिला योजना कमेटी की चेयरपर्सन करमजीत कौर, सहायक कमिश्नर स्टेट टैक्स जतिंदर कौर भी मौजूद थे। बैठक के दौरान अनिल ठाकुर ने व्यापारियों को ओ.टी.एस स्कीम के लाभों और उसके कार्यान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समूह ट्रेड यूनियनों के अध्यक्षों व सदस्यों व उद्योगों के प्रतिनिधियों को अपील करते हुए कहा कि पंजाब सरकार की ओर से शुरु की गई ओ.टी.एस स्कीम का अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने व्यापारियों को इस योजना का सही तरीके से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपनी समस्याओं का समाधान आसानी से कर सकें। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को भी सुना और उनकी चिंताओं को समझने का प्रयास किया। सहायक कमिश्नर स्टेट टैक्स जतिंदर कौर ने व्यापारियों को बताया कि सरकार की ओर से शुरु की गई ओ.टी.एस स्कीम की आखिरी तिथि 16 अगस्त 2024 है।



## राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के लोक निर्माण और बिजली मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ ने आज यहां राज्य भर के उप मंडल मजिस्ट्रेटों (एसडीएम्ज) और जिला राजस्व अधिकारियों (डीआरओज) के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए भूमि अधिग्रहण की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की।

तीन घंटे से भी अधिक समय तक चली इस बैठक के दौरान, लोक निर्माण मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के सचिव प्रियांक भारती,चीफ इंजीनियर, राष्ट्रीय राजमार्ग, पंजाब पी.डब्ल्यू.डी. (बी. एंड.आर.) श्री जे.एस. तुंग और एन.एच.ए.आई., चंडीगढ़ के आर.ओ. श्री विपनेश शर्मा के साथ चल रहे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान आने वाली चुनौतियों को दूर करने के लिए रणनीति पर चर्चा की।

कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ ने राष्ट्रीय राजमार्गों की परियोजनाओं को समय पर पूरा करने को सुनिश्चित करने के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने एसडीएम्ज को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों का जल्द समाधान करें और यह सुनिश्चित करें कि भूमि मालिकों को उचित मुआवजा मिले। उन्होंने कहा कि यह समीक्षा बैठक जल्द ही बुलाई जाने वाली अगली बैठक के दौरान प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए एक बेंचमार्क के रूप में काम करेगी।

## महिलाओं को 1,548 करोड़ से अधिक की मुफ़्त बस सफ़र सुविधा मुहैया करवाई

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब सरकार अब तक 1,548 करोड़ रुपए से अधिक की मुफ़्त बस सफ़र सुविधा मुहैया करवाई जा चुकी है।



ट्रांसपोर्ट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने आज बताया कि मान सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के 28 महीनों के दौरान पंजाब रोडवेज़/पनबस और पीआरटीसी की बसों में महिलाओं के लिए मुफ़्त यात्रा यकीनी बनाने हित 1,548.25 करोड़ रुपए ख़र्च किए गए है। उन्होंने कहा कि इस क्रांतिकारी योजना के अंतर्गत महिलाओं को 32.46 करोड़ यात्राओं की सुविधा प्रदान की गई है जिससे पंजाब भर की महिलाओं को समर्थ बनाने के अवसरों तक उनकी पहुँच बनाने की दिशा में अहम विस्तार हुआ है। कैबिनेट मंत्री ने विस्थारपूर्वक जानकारी साझा करते हुए बताया कि मार्च 2022 से मार्च 2023 तक कुल 664.63 करोड़ रुपए ख़र्च कर महिलाओं को 14.29 करोड़ यात्राओं का लाभ दिया गया जबकि वित्तीय वर्ष 2023- 2024 के दौरान 694.64 करोड़ रुपए के ख़र्च के साथ महिलाओं को 14.90 करोड़ यात्राओं की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मौजूद । वित्तीय वर्ष के दौरान 15 जुलाई, 2024 तक 188.98 करोड़ रुपए के साथ महिलाओं को 3.27 करोड़ यात्राओं की सुविधा दी जा चुकी है।

# वनडे सीरीज का आगाज आज से, रोहित ने कहा- टीम का आगे बढ़ने का समय



फोटो-बीसीसीआई

**स्पोर्ट्स डेस्क.** 2 अगस्त से भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का आगाज होने जा रहा है। वहीं इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि अब टी20 वर्ल्ड कप जीत की खुशी से आगे बढ़ने का समय आ गया है। अब वह नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में चुनौतियों भरी सीरीज में सफलता जारी रखने की उम्मीद लगाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में गंभीर के मार्गदर्शन में इस सत्र नयी यात्रा का आगाज हुआ। जिसमें कुछ शीर्ष स्तर के टूर्नामेंट खेले जाने हैं और इसमें अगले साल के शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है।

रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा की मैंने क्रिकेट से दूर अच्छा समय बिताया। वर्ल्ड कप जीतने के बाद घर वापस आना एक शानदार अहसास था जिसमें दिल्ली और मुंबई में अनुभव अद्भुत रहा, लेकिन अब हमें आगे बढ़ना होगा क्योंकि क्रिकेट आगे बढ़ता है। हमने बीते समय में जो कुछ भी प्रदर्शन किया है, वो उस विशेष समय के लिए अच्छा था।

लेकिन समय आगे बढ़ता रहता है और हमें भी आगे बढ़ते रहना चाहिए। 2023 वर्ल्ड कप के बाद भी यही हुआ था। हमें तब बहुत निराशा हुई थी लेकिन हमें आगे बढ़ना था और वर्ल्ड कप का इतंजार करना था। अब टी20 वर्ल्ड कप खत्म हो गया है तो हमें एक टीम के रूप में ये सोचना होगा कि हमारे आगे क्या है। एक बड़ा टूर्नामेंट आने वाला है।

## सेना में अग्निवीर और पंजाब पुलिस भर्ती के लिए सी-पाइट कैंप थेह कांजला में शुरू

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

सेना में अग्निवीर और पंजाब पुलिस में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं के लिए लिखित और शारीरिक परीक्षा की तैयारी के लिए सी-पाईट कैंप कपूरथला में प्रशिक्षण शुरू हो गया है। सी-पाइट कपूरथला के अधिकारी कैप्टन अजीत सिंह ने बताया कि जिला जालंधर और कपूरथला के इच्छुक युवा जिन्होंने अग्निवीर का लिखित पेपर पास कर लिया है और उन्हें शारीरिक परीक्षण की तैयारी करनी है, वे सी-पाइट कैंप थेह कांजला कपूरथला में निःशुल्क तैयारी कर सकते है।

उन्होंने आगे कहा कि युवा पंजाब पुलिस और सी.आर.पी.एफ., बी.एस.एफ. जो लोग भर्ती के लिए तैयारी करना चाहते हैं वे लिखित पेपर और शारीरिक परीक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, दसवीं या बारहवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साइज फोटो और ऑनलाइन पंजीकरण की फोटोकॉपी के साथ कैम्प में रिपोर्ट कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को निःशुल्क आवास एवं भोजन दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए युवा मोबाइल नंबर 83601-63527 और 69002-00733 और मोबाइल नंबर 99143-69376 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से निःशुल्क प्रशिक्षण कक्षाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.